# 10 बीकानेर का राठौड़ राजवंश

1. बीकानेर में डूँगर कॉलेज की स्थापना किस शासक द्वारा करवाई गई?
(1) महाराजा गंगासिंह  (2) डूँगरसिंह
(3) महाराजा सूरसिंह  (4) महाराजा सरदार सिंह  (1)

2. महाराजा रायसिंह को अबकर द्वारा 4000 हजार का मनसब प्राप्त था, उसके बाद जब जहाँगीर शासक बना तो उसने रायसिंह को कितना मनसब प्रदान किया?
(1) 4000 ही रखा
(2) 5000 दिया गया
(3) 4000 से घटाकर 3000 कर दिया।
(4) 4000 से बढ़कार 6000 कर दिया।  (2)

3. निम्न में से किस शासक ने इंग्लैण्ड में सम्राट एडवर्ड अष्टम के राज्यारोहण के समारोह में भाग लिया?
(1) सरदार सिंह  (2) सार्दुल सिंह
(3) गंगासिंह  (4) सूरसिंह  (3)

4. बीकानेर बसने से पूर्व यहाँ के आसपास के क्षेत्र पर कई जाट जातियों का प्रभुत्व था, सर्वप्रथम किस जाट जाति ने बीका की अधिनता स्वीकार की?
(1) पूनिया  (2) जोहिया
(3) गोदारा  (4) सारण  (3)

**व्याख्या–** बीकानेर क्षेत्र जाटों की 6 शाखाओं (पूनिया, गोदारा, जोहिया, सारण, असिंघ, बेनिवाल) के अन्तर्गत था।

5. राव लुणकरण ने 1513 ई. में नागौर पर आक्रमण कर वहाँ के किस शासक को हराया था?
(1) दौलत खाँ  (2) शेख अबीमीरा
(3) मोहम्मद खाँ  (4) मानसिंह  (3)

6. बीकानेर के किस महाराजा के शासनकाल में सती प्रथा व जीवित समाधि पर रोक लगी?
(1) गंगासिंह  (2) सरदार सिंह
(3) अनुपसिंह  (4) डूँगरसिंह  (2)

7. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए–

| शासक | शासनकाल |
|---|---|
| A. राव बीका | i. 1465–1504 ई. तक |
| B. राव नरा | ii. 1504–1505 ई. तक |
| C. राव लूणकरण | iii. 1505–1526 ई. तक |
| D. राव जैतसी | iv. 1526–1541 ई. तक |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | iv | i |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | i | ii | iii | ii |

(1)

8. बीकानेर के किस शासक के शासनकाल में बीकानेर शैली पर मुगल प्रभाव कम हुआ?
(1) अनुपसिंह  (2) डूँगरसिंह
(3) सरदार सिंह  (4) रत्नसिंह  (2)

**व्याख्या–** सरदार सिंह की नि:संतान मृत्यु होने पर मेवाड़ महाराणा शंभू सिंह की सिफारिश पर अंग्रेजी सरकार द्वारा डूँगरसिंह को 1872 ई. में बीकानेर का शासक बनाया गया।

9. दूधवा खारा किसान आंदोलन का संबंध राजपूताना की किस रियासत से है?
(1) बीकानेर  (2) जोधपुर
(3) मेवाड़  (4) जयपुर  (1)

**व्याख्या–** 'दूधवा खारा किसान आंदोलन' बीकानेर रियासत में गंगासिंह व सार्दूल सिंह के शासनकाल में हुआ।

10. बीकानेर के किस महाराजा की दमनकारी नीति के कारण बीकानेर में 'भारत छोड़ों आंदोलन' का कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा?
(1) सार्दुल सिंह  (2) गंगासिंह
(3) डूंगरसिंह  (4) जोरावर सिंह  (2)

11. 'बेताल पच्चीसी' की कथाओं का कविता मिश्रित मारवाड़ी गद्य में अनुवाद निम्न में से किस राजा के शासनकाल में हुआ?
(1) कर्णसिंह  (2) रायसिंह
(3) अनुपसिंह  (4) सूरतसिंह  (3)

12. निम्न में से किस आक्रमण में युद्ध करते हुए राव लूणकरण की मृत्यु (मार्च 1526) हो गई थी?
(1) फतेहपुर का आक्रमण  (2) नागौर का आक्रमण
(3) लोद्रवा का आक्रमण  (4) नारनौल का आक्रमण  (4)

**व्याख्या–** राव लूणकरण ने 1526 ई. में नारनोल (हरियाणा) के नवाब शेख अबीमीरा पर आक्रमण किया व ढोसी नामक स्थान पर युद्ध हुआ। जहाँ भाटियों व अन्य सरदारों के धोखे के कारण युद्ध करते हुए 31 मार्च, 1526 ई. को लूणकरण की मृत्यु हो गई।

13. मारवाड़ के अजीत सिंह व नागौर के बख्तावर सिंह ने जब बीकानेर पर आक्रमण किया तो उस समय बीकानेर के शासक कौन थे?
(1) जोरावर सिंह  (2) स्वरूप सिंह
(3) सुजान सिंह  (4) दलपत सिंह  (3)

14. बीकानेर के किस शासक ने राज्यारोहण के समय महाराजाधिराज की उपाधि धारण की–
(1) राव लूणकरन  (2) राव जैतसी
(3) राव कल्याणमल  (4) रायसिंह  (4)

**व्याख्या–** रायसिंह ने महाराजाधिराज तथा महाराजा की उपाधियाँ धारण की तथा रायसिंह को राजपूताने का कर्ण/मुगल साम्राज्य का स्तंभ भी कहा जाता है।

15. मुगल बादशाह के शासनकाल में जुझार सिंह बुंदेला का विद्रोह व खानेजहां लोदी का विद्रोह दबाने में बीकानेर के किस शासक ने मुगल सेना की सहायता की थी?
(1) रायसिंह (2) अनुपसिंह
(3) सूरसिंह (4) कर्णसिंह (3)

16. सन् 1891 ई. में सड़क निर्माण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की स्थापना बीकानेर के किस शासक के द्वारा की गई?
(1) रायसिंह (2) अनुपसिंह
(3) सूरसिंह (4) गंगासिंह (4)

17. बीकानेर के किस शासक के शासनकाल में औरंगजेब की मृत्यु हो गई तथा उसके उपरांत बीकानेर के राजाओं का मुगल राजनीति में विशेष लगाव नहीं रहा?
(1) जोरावर सिंह (2) सुजानसिंह
(3) स्वरूप सिंह (4) अनुपसिंह (2)

18. राजस्थान के एकमात्र शासक जिन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों (1930, 1931 व 1932) में भाग लिया था?
(1) सार्दुल सिंह (2) सरदार सिंह
(3) डूँगरसिंह (4) गंगासिंह (4)

19. बीकानेर के वे कौनसे शासक थे जो 9 वर्ष की उम्र में (1698) शासक बने व 2 वर्ष बाद चेचक बीमारी से उनकी मृत्यु हो गई?
(1) स्वरूप सिंह (2) सुजान सिंह
(3) जोरावर सिंह (4) राव नरा (1)

20. मुगलों के 1685-86 ई. में बीजापुर व 1687 ई. में गोलकुण्डा के घेरे के समय बीकानेर का कौनसा शासक साथ में था?
(1) कर्णसिंह (2) दलपत सिंह
(3) रायसिंह (4) अनुपसिंह (4)

21. बीकानेर के किस शासक के समय राजपूताने का सबसे लंबा रेल मार्ग बीकानेर में बना था?
(1) महाराजा डूँगरसिंह (2) गंगासिंह
(3) सार्दुल सिंह (4) सूरत सिंह (2)

22. पुगल के शासक राव शेखा की पुत्री रंग दे का विवाह बीकानेर के किस शासक के साथ हुआ?
(1) राव नरा (2) राव लुणकरण
(3) राव जैतसी (4) राव बीका (4)

23. बीकानेर शहर बसने से पूर्व यहाँ नागौर, अजमेर व मुल्तान के मार्ग आपस में मिलते थे, उस स्थान का क्या नाम था जिस पर राव बीका ने बीकानेर शहर बसाया?
(1) केसर घाटी (2) त्रिमार्ग घाटी
(3) त्रिराहा घाटी (4) रातीघाटी (4)

24. बीकानेर में चित्रकला की शुरुआत किस शासक के शासनकाल में हुई?
(1) राव कल्याणमल (2) रायसिंह
(3) सूरसिंह (4) अनूपसिंह (2)

**व्याख्या–** बीकानेर में चित्रकला की शुरुआत महाराजा रायसिंह के समय हुई थी। बीकानेर चित्रकला का प्राचीन ग्रंथ 'भगवत पुराण' रायसिंह के समय का है।

25. बीकानेर के जुनागढ़ में लगी रायसिंह प्रशस्ति के रचयिता निम्न में से कौन है?
(1) कर्मचन्द (2) रायसिंह
(3) जैइता (4) पृथ्वीसिंह (3)

26. बीकानेर के महाराजा गजसिंह के बाद अल्पकाल के लिए उनका उत्तराधिकारी शासक कौन बना था?
(1) प्रताप सिंह (2) राजसिंह
(3) रतन सिंह (4) स्वरूप सिंह (2)

27. अगर आप बीकानेर का इतिहास जानना चाहते हैं तो निम्न में से कौनसी रचना या ख्यात अथवा पुस्तक अतिलाभदायक होगी?
(1) बेलि क्रिसन रूक्मणी री (2) दयालदास री ख्यात
(3) मुण्डियार री ख्यात (4) बैताल पच्चीसी (2)

28. निम्न में से कौनसा कवि/रचनाकार महाराजा अनूपसिंह के दरबार में आश्रित नहीं था?
(1) मणिराम (2) सागरदान
(3) अनंग भट्ट (4) पण्डित भाव भट्ट (2)

29. बीकानेर राजपूताने का प्रथम राज्य था, जिसमें कार्यपालिका और न्यायपालिका को पृथक किया। महाराजा गंगासिंह ने स्वतंत्र न्यायपालिका की स्थापना किस वर्ष की थी?
(1) 1906 में (2) 1910 में
(3) 1912 में (4) 1915 में (2)

30. बीकानेर के संस्थापक राव बीका की माता का क्या नाम था?
(1) रंगदे (2) रानी नौरंगदे
(3) रानी अतिरंगदे (4) रतन कंवर (2)

31. निम्न में से बीकानेर के किस शासक को 'आधुनिक बीकानेर का निर्माता' कहा जाता है?
(1) रायसिंह (2) अनूप सिंह
(3) राव बीका (4) गंगासिंह (4)

**व्याख्या–** गंगासिंह को आधुनिक बीकानेर का निर्माता तथा आधुनिक भारत का भागीरथ कहा जाता है।

32. बीकानेर का क्षेत्र प्राचीन काल में निम्न में से किस नाम से नहीं जाना जाता था?
(1) जांगलु प्रदेश (2) माद्रेय जांगला
(3) कुरू प्रदेश (4) मण्डलकर (4)

33. बीकानेर के राठौड़ वंश की कुलदेवी का नाम क्या है?
(1) बाणमाता (2) करणीमाता
(3) नागणेची माता (4) स्वांगियामाता (2)

34. बीकानेर क्षेत्र पर बीका द्वारा अधिकार करने से पहले यहाँ किसका शासन स्थापित था?
(1) कच्छवाहों का (2) परमारों का
(3) जाटों का (4) मीणाओं का (3)

35. निम्नलिखित में से बीकानेर के किस शासक ने नोता कर व तख्तनशीनी की भाछ (उत्तराधिकारी कर) को समाप्त किया था?
(1) गंगासिंह (2) कल्याणमल
(3) रतनसिंह (4) सार्दुल सिंह (4)

36. बीकानेर के किस शासक ने राजपूतों को 'गया जी' में बुलाकर उन्हें अपनी पुत्रियों (बालिकाओं) को नहीं मारने की शपथ दिलाई?
(1) प्रताप सिंह (2) गंगासिंह
(3) महाराजा गजसिंह (4) रतन सिंह (4)

37. सन् 1485 ई. में बीकानेर बसने से पूर्व राव बीका ने एक गढ़ या दुर्ग का निर्माण शुरू किया लेकिन पुरा नहीं कर पाए, उसे वर्तमान में किस नाम से जाना जाता है?
(1) बीकाजी की साल (2) बीकाजी की टेकरी
(3) बीकाजी का नोरा (4) बीकमपुर (2)

38. निम्न में से किस बीकानेर शासक को जहांगीर ने भटनेर दुर्ग में कैद रखा जहां उसकी मृत्यु हो गई?
(1) स्वरूप सिंह (2) सूरतसिंह
(3) प्रताप सिंह (4) दलपत सिंह (4)

39. मई 1787 से अक्टूबर 1787 के मध्य अल्पकाल के लिए बीकानेर के शासक निम्न में से कौन रहे हैं?
(1) राजसिंह (2) प्रताप सिंह
(3) स्वरूप सिंह (4) सुजान सिंह (2)

40. किस पत्रिका में गंगासिंह की दमनकारी नीतियों की आलोचना की गई थी?
(1) बीकानेर का गुण्डा राज (2) बीकानेर का वर्तमान शासन
(3) बीकानेर एक दिग्दर्शन (4) आजाद बीकानेर (3)

**व्याख्या–** बीकानेर एक दिग्दर्शन नामक पत्रिका पर गंगासिंह द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा कानून लगाकर स्वामी गोपालदास, चंदनमल बहड़, सत्यनारायण सर्राफ व खूबचंद सर्राफ को 'बीकानेर षड्यंत्र केस' में गिरफ्तार किया गया। जो कि गंगासिंह की आलोचना का कारण रहा।

41. बीकानेर के चिंतामणि जैन मन्दिर के मूल नायक प्रतिमा के अभिलेख से किन–किन के मध्य हुए युद्ध का वर्णन मिलता है?
(1) लोद्रवा के मानसिंह व राव लूणकरण के मध्य
(2) कायमखानियों व राव लूणकरण के मध्य
(3) राव जैतसी व कामरान के मध्य
(4) राव जैतसी व मालदेव के मध्य (3)

42. महाराजा रायसिंह को अकबर द्वारा 'महाराजाधिराज' की उपाधि किस वर्ष दी गई?
(1) 1570 (2) 1574
(3) 1605 (4) 1572 (2)

43. दशम भागवत रा दुहा, गंगा लहरी, गंगाजी रा दुहा, ठाकुरजी रा दुहा आदि रचनाओं का रचनाकार निम्न में से है?
(1) दुरसा आढ़ा (2) अनूप सिंह
(3) पृथ्वीराज राठौड़ (4) वैद्यनाथ (3)

**व्याख्या–** दुरसा आढ़ा ने पृथ्वीराज राठौड़ की रचना 'बेलि किसन रूकमणि री' 5वाँ वेद व 19वाँ पुराण कहा है तथा एल.पी. टैस्सीटोरी ने पृथ्वीराज राठौड़ को 'डिंगल का हेरोस' कहा है।

44. अकबर ने रायसिंह को 1574 में 'महाराजाधिराज' की उपाधि के साथ बीकानेर का शासक बनाया तथा उसकी सेवाओं से प्रसन्न होकर किस वर्ष जुनागढ़ की जागीर प्रदान की थी?
(1) 1604 (2) 1593
(3) 1589 (4) 1583 (2)

45. राव लूणकरण (बीकानेर) के जैसलमेर पर आक्रमण के समय वहाँ के शासक कौन थे, जिन्होंने लूणकरण से हारने के बाद अपनी दो पुत्रियों का विवाह राव लूणकरण के पुत्रों से किया था?
(1) रावल वैरीसाल सिंह (2) रावल लूणकरण
(3) रावल जैतसी (4) रावल हरराय (3)

46. "तेरा प्रताप जोधा से सवाया बढ़ेगा और बहुत से भूपति तेरे चाकर होंगे" बीकानेर शहर के स्थापना के उपरांत यह आशीर्वाद राव बीका को किनसे प्राप्त हुआ था?
(1) नागणेची माता द्वारा (2) अपनी माता नौरंगदे द्वारा
(3) गोदारों जाटों द्वारा (4) करणी माता द्वारा (4)

47. निम्नलिखित में से किस बीकानेर शासक के शासनकाल में बीकानेर पर नियंत्रण स्थापित करने हेतु सुजानगढ़ में अंग्रेजी एजेंसी की स्थापना की गई?
(1) महाराजा गंगा सिंह (2) महाराजा डूँगरसिंह
(3) महाराजा सरदार सिंह (4) महाराजा रतन सिंह (3)

**व्याख्या–** बीकानेर पर नियंत्रण स्थापित करने हेतु अंग्रेजों ने 1668 ई. में सुजानगढ़ में अंग्रेजी एजेंसी की स्थापना की थी।

48. बीकानेर पर मालदेव का अधिकार हो जाने के कारण राव जैतसी के पुत्र कल्याणमल का राज्याभिषेक निम्न में से किस स्थान पर हुआ था?
(1) कतरियासर (2) ठुकरियासर
(3) सालासर (4) लालासर (2)

49. देशनोक में करणी माता मन्दिर का पुनः निर्माण बीकानेर के किस शासक द्वारा करवाया गया?
(1) गंगासिंह (2) राव बीका
(3) कर्ण सिंह (4) गजसिंह (3)

50. बीकानेर के रायसिंह ने अपनी पुत्री का विवाह अकबर के पुत्र शहजादे सलीम से किया था। इनकी पुत्री से उत्पन्न संतान का नाम क्या था?
(1) शहजादा खुर्रम (2) शहजादा परवेज
(3) शहजादा मुसर्रफ (4) शहजादा अकबर (2)